# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–26.11.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- संविधान को अपनाने की आज 75 वीं वर्षगांठ, संविधान दिवस पर संसद में भव्य कार्यक्रम, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संयुक्त सत्र को करेंगी संबोधित।
- राज्य में नई सरकार गठन को लेकर बढ़ी राजनीतिक सरगर्मी, दिल्ली दौरे पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, इंडिया ब्लॉक के शीर्ष नेताओं के साथ मंत्रिमंडल गठन पर करेंगे मंथन।
- पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे को आदिवासी समुदाय के अस्तित्व और पहचान के लिए बताया महत्वपूर्ण।
- केन्द्र सरकार ने कैबिनेट में लिए कई बड़े फैसले, राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन को दी मंजूरी।
- रांची समेत पूरे राज्य में बढ़ा ठंड का असर, अधिकांश जिलों का न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंचा।

****************

संविधान को अपनाने की आज 75 वीं वर्षगांठ है । केंद्र सरकार ने संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए अभियान चलाने की घोषणा की है। यह अभियान देशभर में आज से 26 नवंबर, 2025 तक चलेगा। 26 नवंबर, 1949 को भारत की संविधान सभा ने संविधान को अपनाया था और यह 26 जनवरी, 1950 को देश में लागू हुआ था। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने नई दिल्ली में कहा कि संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस कार्यक्रम में संसद के दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित करेंगी। श्री रिजिजू ने कहा कि अभियान का उद्देश्य भारतीय संविधान की मसौदा समिति की हिस्सा रही 15 असाधारण महिलाओं के योगदान को महत्व देना भी है।
संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि समारोह का उद्देश्य विभिन्न गतिविधियों के जरिए लोगों को जो़डना और संविधान तथा इसके निर्माताओं के बारे में जागरुकता बढ़ाना है।

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सर्वोच्च न्यायालय में सविधान दिवस समारोह में शामिल होंगे। इस अवसर पर वे उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे।

****************

राज्य में नई सरकार गठन को लेकर राजनीतिक सरगमी बढ़ गई है। मंत्रिमंडल का खाका तय करने को लेकर विचार–विमर्श का दौर जारी है। मंत्रियों के नाम तय करने के लिए इंडी गठबंधन के घटक दलों के प्रभारी अपने–अपने हाईकमान के साथ राय–मशवरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिल्ली दौरे पर हैं जहां कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत इंडिया ब्लॉक के कई शीर्ष नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे। सूत्रों के अुनसार इस दौरान सरकार के भावी स्वरूप और कांग्रेस की हिस्सेदारी को लेकर भी मंथन करेंगे। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार झामुमो के हिस्से में मुख्यमंत्री समेत छह मंत्री, कांग्रेस के चार मंत्री और राजद के एक मंत्री हो सकते हैं। माले की ओर से मंत्री पद की मांग पर गठबंधन सकारात्मक रुख अपना सकता है और उन्हें एक पद दिया जा सकता है। सूत्र बताते हैं कि हेमंत सोरेन की नई सरकार में झामुमो कोटे से दीपक बिरुवा, हफीजुल हसन और रामदास सोरेन फिर से मंत्री बन सकते हैं। महिला कोटे से लुईस मरांडी या सविता महतो में से एक को मंत्री पद दिया जा सकता है। पलामू प्रमंडल से अनंत प्रताप देव के मंत्री बनने की संभावना है। इसके अलावा रवींद्रनाथ महतो, मथुरा महतो, उमाकांत रजक, और भूषण तिर्की भी मंत्री बनने की दौड़ में शामिल हैं। राजद से सुरेश पासवान के मंत्री बनने की संभावना जताई जा रही है। कांग्रेस की ओर से मंत्रिमंडल में इस बार इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय सिंह और प्रदीप यादव में से दो को मौका मिल सकता है। इंडिया गठबंधन विधायक दल के नेता और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन गुरूवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

****************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे को आदिवासी समुदाय के अस्तित्व, पहचान और भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। सोशल मीडिया पर साझा संदेश में उन्होंने कहा कि यह संघर्ष केवल वर्तमान के लिए नहीं है, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने का प्रयास है।

****************

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ग्रामीण कृषि पर राष्ट्रीय मिशन पर अपनी सहमति दे दी है। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अश्विणी वैष्णव ने कहा कि इस मिशन का उद्देश्य रसायन मुक्त और सतत कृषि के लिए प्राकृतिक कृषि को पुनजीर्वित करना है। उन्होंने इस निर्णय को महत्वपूर्ण बताते हुए किसानों के लिए इसे लाभकारी बताया

केन्द्रीय कैबिनेट में कई और बड़े फैसले लिए गए। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने आयकर विभाग की पैन परियोजना के दूसरे चरण को मंजूरी दे दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों से कहा कि पैन के दूसरे चरण में मजबूत साइबर सुरक्षा उपाय किए जाएंगे।

****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

****************

टेंडर घोटाले में करोड़ों रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपित पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के पीए संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम की डिस्चार्ज पिटीशन पर पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में सुनवाई हुई। बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। आज कोर्ट फैसला सुनाएगा।

****************

समन की अवहेलना से जुड़े मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से दाखिल सशरीर उपस्थित होने से छूट से संबंधित याचिका पर अदालत ने चार दिसंबर को उपस्थित होने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई एमपी एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की कोर्ट में हुई। 11 नवंबर को सुनवाई के बाद अदालत ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था।

****************

केंद्र सरकार की ओर से एड्स उन्मूलन की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पलामू जिले में सक्रिय रोगियों का निशुल्क इलाज किया जा रहा है।

****************

रांची समेत पूरे राज्य में ठंड का असर बढ़ रहा है ।अधिकांश जिलों का न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। रांची मौसम केन्द्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य के अधिकांश भाग में 28 नवंबर तक किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है लेकिन 15 दिसंबर के बाद एक महीने तक शीतलहर चलने की संभावना है।

****************

संविधान के 75 साल , संविधान दिवस की खबरों के साथ रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने राज्य में नई सरकार के गठन की कवायद की खबर को अपनी सुर्खी बनाई है।
प्रभात खबर ने लिखा है– हमारे संविधान के गौरवशाली 75 साल हुए पूरे।
नई सरकार का खाका तैयार करने दिल्ली पहुंचे हेमंत सोरेन शीर्षक के साथ दैनिक भास्कर ने इस खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
दैनिक जागरण की सुर्खी है – हेमंत सोरेन की ताजपोशी पर झारखंड देखेगा मेगा राजनीतिक शो।
हिंदुस्तान के शब्द हैं – कैबिनेट में जगह पाने को लेकर आलाकमान तक की दौड़।
सीआईएससीई बोर्ड के 10वीं और 12 वीं की परीक्षा का शेड्यूल जारी, अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया औऱ हिंदुस्तान टाइम्स ने इस खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता दी है।

**************